हरिभूमि
कटनी भूमि
जबलपुर, रविवार 25 मई 2025
login : www.haribhoomi.com


## खबर संक्षेप



### सीवर लाइन के गड्ढे में गिरने से वृद्ध की मौत

**कटनी।** नगर में चल रहे सीवर लाइन कार्य में बरती जा रही लापरवाही अब जान पर भारी पड़ने लगी है। भट्टा मोहल्ला क्षेत्र में सीवर लाइन के लिए खोद गए गड्ढे में गिरने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय रहवासिसयों की मदद से वृद्ध को गड्ढे से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान वृद्ध मौत हो गई। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार भट्टा मोहल्ला निवासी आयुध निर्माणी सेवानिवृत्त कर्मचारी करीब 72 वर्षीय हरिमोहन कोरी की गुरूवार की रात घर से टहलने के लिये निकले थे उसी समय मंदिर के समीप सीवर लाईन के लिये खोदे गये गड्ढे में फिसलकर गिर गये जिससे उनको अंदरूनी चोट आई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे एवं किसी तरह वृद्ध को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए शासकीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। शुक्रवार की देर रात इलाज के दौरान वृद्ध ने दम तोड़ दिया। वृद्ध की मौत के बाद क्षेत्रीय लोगों में सीवर लाईन कंपनी के लापरवाही पूर्ण कार्य के चलते आक्रोश व्याप्त है।

### ओवर ब्रिज के ऊपर डिवाइडर पर चढ़ गया ट्रक

**कटनी।** एक ट्रक जुहला बायपास ओवर ब्रिज के ऊपर डिवाइडर पर चढ़ गया। घटना सुबह साढ़े 6 बजे की बताई जाती है। बताया जाता है कि ट्रक बुढ़ार से कोयला लेकर मैहर की तरफ जा रहा था। हादसे की सूचना मिलने के बाद जुहला यातायात पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कोरी ने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचकर क्रेन बुलवाकर ट्रक को नीचे उतरवाकर आगे के लिए रवाना किया। बताया जाता है कि ट्रक के चालक को नींद के झोंका आ गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हो गया। घटना में किसी को चोट नहीं आई है। ड्राइवर को अचानक नींद का झोंका आ गया। जिसकी वजह से ट्रक अनियंत्रित होकर ब्रिज के डिवाइडर पर चढ़ गया। यह तो गनीमत रही कि ट्रक की रफ्तार तेज नहीं थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### अवैध शराब जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने कार्यवाही की है। माधवनगर पुलिस ने तालाब के पास अमीरगंज में संजय श्रीवास्तव निवासी शिवाजी नगर के पास से 20 पाव देशी शराब, 13 पाव लाल मसाला शराब जब्त की है। कुठला पुलिस ने करहियाकला बिलहरी में पूजा सनोडिया के पास से 2 लीटर कच्ची महुआ शराब, बरही पुलिस ने चाय नाश्ता की दुकान ग्राम बुजबुजा में श्रीकांत पटेल बुजबुजा के पास से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जब्त की है। बाकल पुलिस ने ग्राम सलैयाखुर्द में कल्लू सिंह ठाकुर निवासी सलैयाखुर्द के पास से 16 पाव देशी प्लेन शराब जब्त की है।

### बहोरीबंद पुलिस ने की कार्यवाही, सभी बदमाशों को कोर्ट में किया पेश

# चोर गिरोह के पांच सदस्य पकड़ाए, चोरी की 4 भैंस, पिकअप व बाइक की बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पशुओं की चोरी करने वाले एक गिरोह के पांच सदस्यों को बहोरीबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से चोरी की गई भैंसे, वाहन सहित मोटर साइकिल भी बरामद की गई है। कार्यवाही के उपरांत सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनको जेल भेज दिया गया है। यह पूरी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा चलाए जा रहे अपराधो पर रोक लगाने अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में बहोरीबंद पुलिस द्वारा की गई।



### दरवाजा खोलकर ले गए थे भैंसें

थाना प्रभारी बहोरीबंद सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा चोरी गई चार भैंस, एक पिकअप, एक मोटर साईकिल सहित पशु चोर गिरोह के पांच बदमाशो को गिरफ्तार कर न्यायालय कटनी पेश कराया गया। पुलिस के अनुसार फरियादी दिनेश पिता गया प्रसाद यादव निवासी बहोरीबंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 16/05/25 की रात उसके घर में बनी सार का दरवाजा खोलकर कोई बदमाश 04 नग भैंस चोरी कर ले गया है अभी तक तलाश करने पर भैंस नही मिली है। शिकायत के आधार पर धारा 331(4), 305 बी एन एस पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तार

बदमाशों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई। गठित द्वारा कार्यवाही करते हुए 23/05/25 को रात में पशु चोरी गिरोह के मरू उर्फ नरेन्द्र यादव पिता लोचन यादव 36 साल, गोठल उर्फ नरेन्द्र यादव पिता लोचन यादव 38 साल दोनो निवासी मडई पथरोई थाना सिहोरा जिला जबलपुर, मोनू यादव पिता नेमचन्द्र यादव 20 साल, चाटा उर्फ आनंद यादव पिता बाबू लाल 36 साल दोनों निवासी माला बुडागर थाना गोसलपुर जिला जबलपुर तथा राजेश चौधरी पिता रामप्यारे चौधरी 36 साल निवासी पुरैना थाना पनागर जिला जबलपुर को गिरफ्तार किया गया। बदमाशों के पास से भखरी हार ग्राम दिनारी खम्हरिया थाना सिहोरा जिला जबलपुर से चोरी गई चार नग भैंस, घटना में प्रयुक्त एक पिकअप तथा एक मोटर साईकिल व एक रस्सी जप्त किया गया। पूछताछ के उपरांत आरोपियो को न्यायालय कटनी पेश कराया गया।

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सउनि अजय सिंह, आर. अतुल, कोमल, आशुतोष सिंह, दीपक सिंह, आकाश साहूकार की भूमिका रही।

# चार प्राथमिक शिक्षकों को जारी हुआ शोकाज नोटिस

**जिला शिक्षा अधिकारी ने सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश पर की कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह ने जिले के सरकारी स्कूलों के चार प्राथमिक शिक्षकों को 26 जनवरी, 2001 के बाद तीसरी संतान होने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर प्रतिवाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने यह कार्यवाही शिक्षकों के विरुद्ध की गई शिकायत की जांच हेतु नियुक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है।

उल्लेखनीय है कि 26 जनवरी, 2001 के बाद से मध्य प्रदेश सरकार ने नियम लागू किया था। इस नियम के मुताबिक अगर कर्मचारियों को आदेशों के बाद तीसरी संतान होती है तो उन्हें नौकरी के लिए अपात्र माना जाएगा। इसी नियम को देखते हुए शिक्षा विभाग में जिन शिक्षकों की तीसरी संतान होने के कृत्यों को म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में माना जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु दण्ड का भागीदार बनाने का लेख कर कार्यवाही की है।

### इनको जारी हुआ नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें कमलेश कुमार गर्ग प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बकायन टोला संकुल शासकीय उ.मा.वि. धरवारा, अशोक कुमार चौधरी प्राथमिक शिक्षक शासकीय ई०पी०ई०एस० शाला सगौना, राकेश कुमार जैन निलंबित प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला भदनपुर संकुल शासकीय उ.मा.वि. बड़गांव सहित श्याम सुंदर पटेल प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला परसेल,संकुल शासकीय उ.मा.वि. मुड़वारी शामिल है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस में तीन दिवस में प्रतिवाद समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विपरीत स्थिति में अथवा प्रतिवाद संतोषजनक नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**अपर जिला मजिस्ट्रेट ने शांति व्यवस्था बनाए रखने जारी किया आदेश**

# कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत परिसर में जूलूस, आमसभा, नारेबाजी प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालीन कार्य प्रभावित होने के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला पंचायत कटनी के परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी




आदि गतिविधियों हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। इसलिए यहां कोई भी राजनैतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई आंदोलनकारी परिसर में सभा, जुलूस, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं कर सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि मे प्रतिबंधित किया गया है।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश अनुसार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति को इस परिसर मे जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने के 03 दिवस पूर्व उपखण्ड मजिस्ट्रेट से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त कर सूचित करना होगा तथा ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर परिसर के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति, संगठन समूह होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर कार्यालय भवन पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे।

यह आदेश एक पक्षीय पारित किया गया है आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (7) के अंतर्गत इस आदेश के विरुद्ध अपनी आपत्ति, पक्ष या आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश जारी तिथि से आगामी दो माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील रहेगा।

### महिलाओं के अधिकारों एवं कानूनी सहायता की दी जानकारी




शनिवार को ग्राम पंचायत गैतरा कटनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा ग्रामीणजनों से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली गई। साथ ही उन्होंने पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवदी को निर्देशित किया कि जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने है उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें। इसके अलावा नि:शुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और बताया गया कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं दो जून से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षा सत्र 2024-25 का संशोधित टाइम टेबिल जारी किया गया है, जिसके अनुसार परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। जारी संशोधित परीक्षा टाइम टेबिल के अनुसार कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षाएं नियत तिथि को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। कक्षा पांचवीं की पुनः परीक्षा संशोधित समय सारणी तदानुसार सोमवार दो जून को प्रथम भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। मंगलवार तीन जून को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु), बुधवार चार जून को पर्यावरण अध्ययन, गुरूवार पांच जून को द्वितीय भाषा अंग्रेजी अथवा हिन्दी, शुक्रवार छह जून को अतिरिक्त भाषा हिन्दी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी विषय की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की गई है।

कक्षा आठवीं की पुनः परीक्षा संशोधित समय सारणी तदानुसार सोमवार दो जून को प्रथम भाषा हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, मराठी विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। मंगलवार तीन जून को गणित अथवा संगीत (दृष्टिबाधितों हेतु), बुधवार चार जून को विज्ञान, गुरूवार पांच जून को सामाजिक विज्ञान, शुक्रवार छह जून को द्वितीय भाषा अंग्रेजी अथवा हिन्दी, सोमवार नौ जून की प्रातः दस बजे से तृतीय भाषा संस्कृत, हिन्दी, उर्दू, मराठी, उड़िया, पंजाबी, गुजराती विषय की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित की गई है।

कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की पुनः परीक्षा 2024-25 के संशोधित समय सारणी अनुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को निर्देशानुसार अतिरिक्त समय, लेखक की सुविधा प्रदान की जाएगी। प्रथम भाषा के रूप में हिन्दी, उर्दू, मराठी का चयन करने पर द्वितीय भाषा अंग्रेजी एवं प्रथम भाषा के रूप में अंग्रेजी का चयन करने पर द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी का चयन करना अनिवार्य होगा। प्रथम भाषा के रूप में उर्दू, मराठी का चयन करने पर तृतीय भाषा के रूप में हिन्दी का चयन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा अवधि में स्थानीय, अन्य अवकाश घोषित होने पर भी परीक्षा निर्धारित समय सारणी अनुसार संपन्न होगी।

**राज्य अधिवक्ता परिषद के पदाधिकारी का हुआ आगमन**

# अधिवक्ताओं ने बताई अपनी समस्याएं, शीघ्र समाधान के आश्वासन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एवं कटनी मंडला जिला प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता आरके सिंह सैनी एवं उनके साथ अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता गणों का कटनी नगर आगमन हुआ। जिसमें एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज (जिला प्रतिनिधि शिकायत निवारण समिति ) ने कटनी जिले के अधिवक्ताओं की समस्याओं को जैसे की अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ताओं के लिए कक्ष रूम का



निर्माण ऐसे अन्य तमाम समस्याएं के निराकरण हेतु सैनी जी को कटनी आने का आमंत्रण दिया गया व समस्या सुलझाने का निवेदन किया गया था। राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष व कटनी मंडला जिला प्रभारी शआरके सिंह सैनी ने स्वीकार कर कटनी नगर आगमन हुआ, जिस पर नव अधिवक्ता गण एड अक्षय बजाज एवं एड राजेश सिंह अपने लगभग 30 से 35 अधिवक्ता साथियों के साथ जिला एवं सत्र न्यायालय कटनी परिसर के बाहर फूल माला पहनकर स्वागत किया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता आरके सैनी उपाध्यक्ष राज्य अधिवक्ता परिषद ने अपने साथियों के साथ न्यायालय परिसर में एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज से मुलाकात की एडवोकेट श्रीमती अंजुला सरावगी बजाज एवं अन्य तमाम अधिवक्ता गणों द्वारा अपनी समस्याओं को श्री सैनी के सामने रखा एवं उनके समाधान की बात की गई तब श्री सैनी ने बोला कि आपके द्वारा भेजी गई लिखित रूप से अधिवक्ताओं के हित के लिए जन समस्याओं के समाधान पर हमने परिषद के अन्य पदाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के समक्ष रखा था जिसमें उन्होंने शीघ्र इसके समाधान के लिए हम लोगों को आश्वासन भी दिया है।

### महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# जलभराव वाले स्थानों की समस्या दूर करने निरीक्षण कर करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वर्षा ऋतु के दौरान नगर में कहीं भी जलभराव की समस्या न हो इस हेतु निगम प्रशासन द्वारा तैयारियां जारी कर दी गई है। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार को निगम के स्वास्थ अमले द्वारा नगर में की जा रही सफाई व्यवस्था एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बड़े एवं छोटे नाले - नालियों की सफाई का कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा नगर के सार्वजनिक मार्गो में आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण करनें पर गहन नराजगी व्यक्त की जाकर इस दिशा में ठोस एवं कारगर कार्यवाही करनें के



निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता गोविंद चावला पार्षद उमेन्द्र अहिरवार सहित स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी भी मौजूद रहे।

बैठक में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा वार्डवार संभावित जलभराव वाले क्षेत्र एवं उनसे जुड़े समस्त नाले एवं नालियों की सफाई की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि नाले-नालियों की सफाई का कार्य प्रारंभ है। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा नगर के समस्त नाले नालियों का वर्षा पूर्व सफाई कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। महापौर ने निर्देशित किया कि ऐसे स्थल जहां पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था न हो वहां कच्ची नाली का निर्माण करते हुए पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। बैठक के दौरान कुछ स्थलों पर अतिक्रमण होने के कारण सफाई कार्य में असुविधा की जानकारी दिये जाने पर अतिक्रमण अमले के सहयोग से अतिक्रमण हटाकर सफाई कार्य करते हुए सुगम जल निकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश महापौर ने दिए।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें मिशन चौक सागर पुलिया मंगलनगर पुलिया घंटाघर रोड समदडिया कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 स्थित बाबा ढावा कैलवारा झुरही मार्ग मुक्तिधाम रोड से बस स्टेंड बरगवां मुख्य मार्ग महाराणा प्रताप वार्ड स्थित संतोषी माता मंदिर के सामने सहित नगर के ऐसे अन्य स्थल जहां जलभराव की समस्या का सामना प्रतिवर्ष करना पड़ता है। उक्त स्थलों में वार्ड पार्षद के साथ स्थल का निरीक्षण कर सुगम जल निकासी की व्यवस्था करानें के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए।

बैठक के दौरान नगर की दैनिक सफाई व्यवस्था फागिंग मशीन से कराये जा रहे छिड़काव कार्य नगर के मुख्य मार्गो में आवारा मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा की जाकर अधिकारियों को अपनें दायित्वों का निर्वहन तत्परता पूर्वक करनें के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान समस्त वार्डो के स्वच्छता निरीक्षक वार्ड दरोगा सहित लिपिकों की मोजूदगी रही।

# जल संरक्षण को लेकर लगाई चौपाल, आगामी कार्ययोजना की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत परामर्शदाताओं ने ढीमरखेड़ा के अलग अलग सेक्टरों में जल संरक्षण को लेकर चौपाल और शपथ कार्यक्रम किया। ढीमरखेड़ा सेक्टर के परसेल गांव में शैलेष कुमार दुबे ने चौपाल में जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी। ग्रामीणों को शपथ दिलाई।सरपंच राजेन्द्र खरे ने शासन की योजनाओं के बारे में बताया।सिलौंड़ी सेक्टर में परामर्शदाता सत्येन्द्र सिंह राजपूत ने जल संरक्षण को लेकर बैठक का आयोजन किया।उमरियापान सेक्टर के पिपरिया सहलावन गांव में




परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर ने जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जानकारी दी। आगामी कार्ययोजना तैयार किया।

छात्रों और स्थानीय ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके अलावा वहीं परामर्शदाता सुरेश कुमार दुबे ने पिंडरई ग्राम में छात्रों और ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी।मौरी नदी के त्रिवेणी घाट में जल संरक्षण के तहत कार्य करने की योजना बनाई।धरवारा सेक्टर में परामर्शदाता अनामिका मौर्य ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके साथ ही सभी परामर्शदाताओं ने छात्र छात्राओं को क्षेत्रीय भ्रमण के साथ शैक्षणिक कार्य कराया। इस मौके पर ग्रामीणों और छात्रों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संकल्प

**कटनी।** समर्पण मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संबोधन 1.0 का आयोजन पीएम श्री गवर्नमेंट तिलक कॉलेज में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र में एकता की भावना को प्रोत्साहित करना तथा युवाओं को समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम प्रदीप मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शादाब खान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य सुनील बाजपेयी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग मौजूद रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. रुक्मणि प्रताप सिंह, शेख साबिर एवं समिति के उपाध्यक्ष विकास गुप्ता शामिल रहे। प्रतियोगिता का विषय ₹आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकजुटता₹ था, जिसमें जिले भर से आए युवाओं ने प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में अतुल तिवारी ने प्रथम स्थान, अंशिका गौतम ने द्वितीय स्थान एवं मामूजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मोक्ष कल्याण महोत्सव का आयोजन कल

**कटनी।** शांतिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं आचार्य ज्ञान सागर महाराज के समाधि दिवस 26 मई दिन सोमवार को प्रातः 7.00 बजे से आचार्यश्री 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रवण मुनिश्री 108 प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि संघ परम सानिध्य में श्री 1008 पंचायती बड़े मंदिर में मनाया जावेगा मनाया जावेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन ने बतलाया कि इस अवसर पर शांतिधारा पूजन के साथ निवार्ण लाडू चढ़ाने के तत्पश्चात मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन होगे तथा आगामी 31 मई दिन शनिवार को प्रातः 7.00 बजे श्रुतपंचमी महोत्सव मुनि संघ के सानिध्य में मनाया जावेगा इस अवसर पर शांतिधारा पूजन एवं भव्य शोभायात्रा के बाद मॉ जिनवाणी को व्यवस्थित रूप से विराजमान करने के निमत्य मे बनी स्टील के अलमारियों में श्रद्धा पूर्वक रखे जाने के पश्चात मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन होगें।

### लापता किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने एक लापता किशोरी को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार फरियादी ने थाना रंगनाथनगर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षीय बालिका 15/05/25 के सुबह 8 बजे से लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक नवीन नामदेव ने एसपी, एएसपी एवं सीएसपी के संज्ञान में मामले को लाया जो "आपरेशन मुस्कान" के तहत टीम को शहर के विभिन्न स्थानो, एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव जरिये आरएम के सभी जगह अपहृत बालिका के संबध में पूछताछ की गई । कड़ी मशक्कत के बाद अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया एवं सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया ।

### मच्छरों से निजात पाने की जा रही फागिंग

**कटनी।** ग्रीष्म काल में मच्छरों से निजात दिलाने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान प्रारंभ किया जाकर रोजाना विभिन्न वार्डों में धुआं करने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर में संचारी रोग के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि फागिंग मशीन के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य रहवासी गलियों में मच्छरों की रोकथाम हेतु रासायनिक धुंआ का छिड़काव कराया गया।

## मलेरिया की खून की जांच व उपचार सुविधा शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क

# मच्छरों की फौज चुभा रही डंक, डेंगू व मलेरिया से बचाव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आए दिन मौसम रंग बदल रहा है। धूप तो कभी बादलों की आवाजाही से सर्द गर्म मौसम के बीच मच्छरों की तादाद भी बढ़ गई है। डाक्टरों नं मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को सलाह दी है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर के अठ्या ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है, यह मच्छर दिन मे काटता है। डेंगू के अधिकांश मामले पूरी तरह से ठीक हो जाते है और उनका प्रबंधन घर पर भी किया जा सकता है। डेंगू मलेरिया के बचाव व नियंत्रण के लिए अपने घर परिसर और आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। अपने घर के सिंक, गमले, हौज आदि में साफ-सफाई रखें। इसके साथ ही घरों की छतों पर अटाला या गंदगी न होने दें।

डेंगू मलेरिया फैलाने वाले मच्छर कहाँ पैदा होते है - छत पर रखी पानी की खुली टंकियां। टूटे बर्तन, मटके, कुल्हड, गमलों में एकत्र जल में। बेकार फेकें हुए टायरों में एकत्र जल में। बिना ढके बर्तनों में एकत्र जल में। कूलर में एकत्र जल में। किचन गार्डन में रूका हुआ पानी। गमले, फूलदान, सजावट के लिए बने फव्वारे में एकत्र जल मे।




### ऐसे करें बचाव डेंगू से बचाव

डेंगू फैलाने वाले मच्छर रुके हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचने के लिए टायर, प्लास्टिक कवर, फूल के बर्तन, पालतू जानवरों के पानी के कटोरे आदि जैसी चीज़ों को ढकें। इन मच्छरों के प्रजनन के लिए उपलब्ध आवास को कम करने (स्थिर पानी को खाली करने से) से डेंगू बुखार की रोकथाम में सहायता मिल सकती है। विशेष रूप से घनी आबादी और भीड़ वाले स्थानों में मच्छर निरोधकों का उपयोग करने से मच्छरों को आपसे दूर रखने में मदद मिल सकती है। कुछ क्षेत्रों की यात्रा करते समय, और यहां तक कि जब आप घर पर हों, तो भी अपनी त्वचा पर मच्छर प्रतिरोधी क्रीम लगाएं। मच्छरों के काटने से बचने के लिए लंबी बाजू के कपड़े और मोटे पैंट, मोज़े और सुरक्षित जूते पहनें। डेंगू बुखार की रोकथाम के आपके प्रयास में, मच्छरदानी के नीचे सोने से आपको मच्छरों के काटने से सुरक्षा मिल सकती है। रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। फूलों के बर्तनों को खाली करें, अपने पालतू जानवर के पानी के कटोरे को साफ करें और बदलें, अपने घर के अंदर किसी भी पानी के पौधे को रखने से बचें, सुनिश्चित करें कि पानी से भरा हुआ हर बर्तन ढका हुआ हो।

### डेंगू के सामान्य लक्षण

तेज़ बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, आँखों में दर्द होना, विभिन्न अंगों में सूजन, डेंगू के गंभीर लक्षण, गंभीर पेट दर्द, लगातार उल्टी होना, मसूड़ों या नाक से खून आना, मल या उल्टी में खून आना, तेजी से सांस लेना, थकान, बेचौनी, त्वचा के नीचे ब्लीडिंगइन में से 2 या अधिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। कई बार प्लेटलेट्स कम होने पर यह बुखार खतरनाक हो जाता है। मरीज की जान भी जा सकती है। गंभीर मामलों में गंभीर रक्तस्त्राव और शॉक सिंड्रोम लगता है, जिससे जान को खतरा हो सकता है।

### यदि बुखार हो तो क्या करे

बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच कराएं। मलेरिया की पुष्टि होने का पूरा उपचार लें। खाली पेट दवा कदापि न लें। मलेरिया की खून की जांच व उपचार सुविधा समस्त शासकीय अस्पतालों पर निःशुल्क है।



# आवारा मवेशियों को पकड़ गौ शाला भेजन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य सड़क मार्गों में गौवंश के स्वच्छंद विचरण और सड़कों में जमावडे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम कर सुगम यातायात और नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के उद्देश्य से शुक्रवार को निगम की हांका टीम द्वारा आवारा विचरण करने वाले गौवंशों को कांजीहाउस एवं गौ- शालाओं में भेजने की कार्यवाही की गई।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में घुमंतू पशुओं पर नियंत्रण की कार्यवाही के दिए निर्देश के बाद नगर निगम की हांका टीम द्वारा उपनगरीय क्षेत्र के माधवनगर के मुख्य सड़क मार्गों में अभियान चलाया जाकर 4 घुमंतू पशुओं को वाहनों के माध्यम से अमीरगंज स्थित कांजीहाउस भेजने की कार्यवाही की गई।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम द्वारा आवारा मवेशियों के नियंत्रण और उन्हे सुरक्षित पकड़कर कांजीहाउस एवं गौ- शालाओं में पहुंचाने के लिए टीम गठित की गई है जो नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गों में भ्रमण कर आवारा घूमने वाले मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस ओर गौशालाओं मे सुरक्षित पहुंचने का कार्य कर रही है। अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले मवेशियों के लिए नगर निगम द्वारा संचालित कांजी हाउस में चारा -पानी की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं नगर निगम आयुक्त ने पशुपालकों से अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्गों में नहीं छोड़ने तथा सुगम यातायात व्यवस्था सहित शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करें।

## जे फार्म एप पर पंजीयन के लिए किसानों की हुई बैठक

# पंजीयन के बाद किसान ट्रेक्टर व कृषि यंत्र आवश्यकतानुसार किराए पर ले सकते हैं



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के कृषकों को शासन की मंशानुसार जे.फार्म एप पर पंजीयन कराने हेतु कृषि अभियांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के समस्त डीलर्स व जे फार्म सर्विसेस के साथ परियोजना कार्यालय में संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिन किसानों के पास ट्रेक्टर व कृषि यंत्र नहीं हैं वे अपना पंजीयन जे.फार्म एप के माध्यम से अपने मोबाईल से ही अपने गांव या आसपास के गांवों से ट्रेक्टर व अन्य आवश्यकतानुसार कृषि यंत्रों को किराये से लेकर समय पर उपयोग कर सकते हैं। राज्यव शासन की मंशानुसार जिले के सभी छोटे-बड़े कृषकों को, यंत्रों को एवं सभी कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों को जे. फार्म एप से जोड़ने व उनके अधिक से अधिक पंजीयन कराने हेतु उपस्थित डीलर्स एवं जे. फार्म सर्विसेस के जिला प्रमुख को प्रोत्साहित किया गया।

बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अनुदान पर प्रदाय 94 कस्टम हायरिंग केन्द्र जिले में संचालित हो रहे हैं। जिनमें से 78 कस्टम हायरिंग सेंटर्स जे. फार्म एप में पजीकृत हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त भी अन्य कृषकों व कृषि यंत्रों को जे. फार्म एप में पंजीयन कराने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जिले के सभी कृषक बंधु व समस्त डीलरों से सहयोग करने हेतु अपील की गई है।

बैठक में कृषि अभियांत्रिकी विभाग की जिला अधिकारी, उपसंचालक मनीष मिश्रा, आत्मा परियोजना की उपसंचालक रजनी चौहान, जिले के समस्त यंत्र विक्रेतागण एवं जे. फार्म. सर्विसेस के जिला अधिकारी बीरसिंह बागरी व कृषक साथी उपस्थित रहे।

## ढीमरखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई ।जिसमें मजदूर से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है। कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों से मजदूरी न करवाए,ऐसे में शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है। पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ। उन्होंने कहा कि गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें, गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है। नाबालिक बच्चों को गाड़ी न दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं। शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पश्चात ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला कर उनके कैम्पों व अड्डों को तहस नहस कर दिया गया था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व सैनिकों के सम्मान में भारतीय सुरक्षा के लिए ढीमरखेड़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं एवम ढीमरखेड़ा नगर तथा स्मीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से एकत्रित हुए जन समूह के द्वारा ढीमरखेड़ा के जनपद पंचायत प्रांगण से तिरंगा यात्रा निकाली गई जो कि ग्राम का भृमण करते हुए ढीमर खेड़ा थाना के समीप स्थित बस स्टैंड चौराहा के समक्ष पहुंची जहां पर जनपद पंचायत अध्यक्ष




सुनीता संतोष दुबे के द्वारा हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारा लगाए गए और एवं भारत के सैनिक जो बहादुरी के साथ दुश्मनों से लोहा लेते हुए अपनी भारत माता के लिए शहीद हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भारत माता की जय के नारे लगाए गए। तिरंगा यात्रा का जन समुदाय द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा से लोगों के मन मे तिरंगा के प्रति देश प्रेम व समर्पण की भावना जाग्रत हुई।

इस दौरान सिलौडी मंडल अध्यक्ष मनीष बागड़ी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल जनपद पंचायत सदस्य अटल बिहारी वाजपेई निरंजन खटीक राहुल दुबे सतीश ज्योतिषी अनिल बागरी, अंकित झारिया, गोकर्ण मिश्रा, दीपू बैरागी,रमन शुक्ला मौजूद रहे।

## सिया शर्मा द्वारा भागवत कथा का किया जा रहा वाचन

# ब्रह्मर्षि आश्रम लखाखेरा का वार्षिक महोत्सव आत्म साक्षात्कार दिवस के रूप में आरम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

ब्रह्मर्षि अंबाला संस्थान लखाखेरा का वार्षिक महोत्सव आयोजन 23 मई को आरंभ हुआ। प्राचीन काल से ऋषियों- मुनियों की पावन तपोभूमि लखाखेरा धाम में इस वर्ष संस्था का 25 वाँ वार्षिक महोत्सव इस बार कुछ अलग अंदाज में मनाया जा रहा है। आदिकाल से सनातन की ध्यान योग साधना आत्म साक्षात्कार क्रिया जो कि अब विलुप्ति की कगार पर है। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष महायोगी हरिओम दास महाराज आम जनमानस के लिए आस क्रिया योग के माध्यम इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित हैं। इसी पवित्र पावन भाव को लेकर 23 से 25 में 2025 की अवधि में आयोजित यह वार्षिक महोत्सव आत्म साक्षात्कार पर आधारित है। देश के कोने-कोने एवं विदेशों से आए साधकों की उपस्थिति में तीन दिवसीय आस क्रिया योग ध्यान साधना शिविर का शुभारंभ गुरुदेव महायोगी हरिओम दास जी महाराज द्वारा किया गया।

23 मई को श्रीमद् भागवत कथा दीदी सिया शर्मा के मुखारविंद से आरंभ की गई। शायंकाल में आस क्रिया योग के प्रणेता परम पूज्य गुरुदेव भगवान महायोगी हरिओम दास जी महाराज द्वारा आस क्रिया योग ध्यान साधना आरंभ किया गया। अलौकिक एवं गुढ़ रहस्यों के बारे में विस्तार से एवं प्रमाण सहित साधकों को बताते हुए ध्यान कराया गया तथा आत्म तत्व की अनुभूति कराई गई। साधकों की शंकाओं का समाधान किया गया। तीन दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ भी लखाखेरा धाम में 23 से 25 मई की अवधि में आयोजित है। जिसमें सुबह-शाम दोनों समय भक्तगण, साधक आकर हवन कर रहे हैं।

24 मई को प्रातः कालीन हवन पश्चात सुबह 10 बजे से 1 बजे तक गुरुदेव महायोगी हरिओम दास महाराज द्वारा पुनः ध्यान साधना कराया गया। अंतःकरण में व्याप्त अनंत ऊर्जा, गुरु तत्व, सूर्य तत्व को ध्यान के माध्यम से जागृत कराते हुए साधकों को अनुभूति कराई गई। संपूर्ण ब्रह्मांड हमारे शरीर के अंदर है, हम सूक्ष्म शरीर (आत्मा) के माध्यम से कैसे भ्रमण करें? हमारे शरीर के तीन रूप होते हैं- स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर एवं कारण शरीर। स्थूल शरीर पर मन का नियंत्रण होता है, किंतु सूक्ष्म शरीर और कारण शरीर आत्मा द्वारा नियंत्रित है। हमें स्वयं को पहचानना है और परमपिता परमात्मा के बताए मार्ग पर चलना है। निसंदेह ईश्वर ने हमें एक विशेष कार्य के निमित्त मानव शरीर देकर इस धरती पर भेजा है। अतः हम सब का दायित्व है कि हम ईश्वर के उस कार्य को पहचानें। इसके लिए हमें खुद को पहचानना होगा, तभी हम परमार्थ के रास्ते पर चल सकते हैं। गुरुदेव के द्वारा परमात्मा से जुड़ने का मार्ग भी बताया गया। दोपहर 2:00 बजे से दीदी सिया शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान उपस्थित जन समूह को कराया गया। सायं काल में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका एवं विश्लेषक (चित्रकूट धाम) दीदी उषा रामायणी द्वारा श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया गया। शाम 6 बजे से आस क्रिया योग के प्रणेता महायोगी हरिओम दास महाराज द्वारा पुनः साधकों को ध्यान कराते हुए अंतरात्मा के दर्शन कराए।

## महापौर ने जनप्रतिनिधियों एवं की मौजूदगी में किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन

# जगमोहन दास वार्ड को मिली 20 लाख के विकास कार्य की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कायाकल्प अभियान के तहत नगर निगम कटनी को राज्य शासन के माध्यम से सड़कों के उन्नयन हेतु राशि उपलब्ध कराई गई है। जिससे शहर की विभिन्न सड़कों का पुर्ननिर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की विशेष मौजूदगी में जगमोहनदास वार्ड के नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु करीब 20 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन क्षेत्रीय मातृशक्ति श्रीमती निर्मला यादव, बबिता यादव एवं द्रोपती अग्रहरि द्वारा पूजन अर्चन कर संपन्न कराया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य, शहरी गरीबी उपशमन विभाग प्रभारी एवं क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद, लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग प्रभारी डॉ रमेश सोनी, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग प्रभारी सुभाष शिब्बू साहू, वित्त एवं लेखा विभाग प्रभारी सुरेन्द्र गुप्ता, श्रीमती शकुंतला सोनी, रेखा संजय तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी सहित नगर निगम के उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल की मौजूदगी रही।

### आवागमन होगा सुगम

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के सहयोग से नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु बिना किसी भेदभाव के कटनी नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सड़कों के उन्नयन एवं पुर्ननिर्माण हेतु राशि प्रदान की गई है। इस महती सौगात हेतु नगर की जनता की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के प्रति महापोर ने आभार व्यक्त करते हुए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। महापौर नें बताया कि नगर में विकास कार्यो का सिलसिला निरंतर जारी है। पूर्व में भी वार्ड में अनेकों विकास कार्य कराये जा चुके है मिट्ठ निषाद के घर से प्रारंभ होकर गिरिजा घाट तक बनने वाली सड़क का कायाकल्प अभियान के अंतर्गत डामरीकरण होने से नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन करनें पहुंची महापौर श्रीमती सूरी नें अधिकारियों के साथ निर्मित कराई जाने वाली सड़क के स्थल का निरीक्षण किया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर निर्माण कार्य के दौरान निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करने पेयजल का अपव्यय न करनें तथा पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानें की अपील भी की।



क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जयनारायण निषाद नें बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के कुशल मार्गदर्शन में विकास कार्य अनवरत जारी है। दो दिन पूर्व बुधवार को ही वार्ड के विभिन्न 8 स्थलों में 25 लाख की लागत के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। निगम प्रशासन द्वारा आज पुनः एक और बड़ी सौगात मिलने पर पार्षद जयनारायण निषाद सहित क्षेत्रीय वार्डवसियों द्वारा महापौर श्रमती प्रीति संजीव सूरी का पुष्पमाला से स्वागत किया जाकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### नाम सुधार सूचना

मै मीनाक्षी मिश्रा पिता श्री धीरेन्द्र कुमार मिश्रा आयु 19 वर्ष निवासी ग्राम कुसमा तह. वि.गढ़ जिला कटनी म.प्र. शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ। भारत गणराज्य द्वारा जारी पासपोर्ट क्र. T2202651 में मेरा नाम मीनाक्षी कुमारी मिश्रा नाम दर्ज है एवं मेरी माता का नाम बबीता बाई मिश्रा दर्ज है जो कि त्रुटि पूर्ण है। मेरे आधार कार्ड, 10वी की अंकसूची में मेरा मीनाक्षी मिश्रा लिखा है एवं मेरी माता का नाम बबीता मिश्रा लिखा है, जोकि सत्य एवं सही है। मेरे नाम पर भारत गणराज्य द्वारा जारी पासपोर्ट क्र. T2202651 में सुधार करते हुये मेरा नाम मीनाक्षी कुमारी मिश्रा के स्थान पर मीनाक्षी मिश्रा दर्ज किया जावे एवं माता का नाम बबीता बाई मिश्रा में सुधार करते हुये सही नाम बबीता मिश्रा लिखा व पढ़ा जावे। भविष्य में यही नाम से जानी व पहचानी जायेंगी।

### द्वितीय परीक्षा की आवेदन की तिथि बढ़ी

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### लाइट की आंख मिचौनी से लोग तंग

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पिपरवाह ग्राम में कई दिनों से लाइट ना आने से ग्राम के लोग काफी परेशान हैं और गांव में रखे गई ट्रांसफार्मर भी जले पड़े हैं और ग्रामीणों द्वारा कई बार बिजली विभाग जा करके अधिकारियों को भी अवगत कराया लेकिन अधिकारियों की इतनी मनमानी बढ़ चुकी है कि आए दिन कुछ सुनवाई नहीं हो रही है जोकि ग्रामीणों द्वारा आज बिजली ऑफिस जा करके ओ आइ सी को अवगत कराना चाहा लेकिन ग्रामीणों की एक भी नहीं सुनी गई गांव के लोगों ने बिजली विभाग के बाबू को आवेदन देकर वापस लौट आए।

### थाना अमानगंज पुलिस द्वारा मुस्कान अभियान के तहत अपहर्ता को दस्तयाब

**अमानगंज।** वर्तमान में पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना द्वारा चलाये जा रहे मुस्कान अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना, एसडीओपी महोदय गुनौर के दिशा निर्देशन-मार्गदर्शन थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहर्ता कु. पूनम साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 17 साल निवासी जसवंतपुरा को दस्तयाव किया जाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है। जो अपहर्ता के परिजनों में खुशी का माहौल है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री, सउनि सी.के. बागरी, प्रआर. शिवम शर्मा, सलीम , आर. सतीश श्रीवास, द्वारका, मुनेन्द्र, विश्वास, लखन, मआर. रागिनी का सराहनीय योगदान रहा है।

### मिल रही जान से मारने की धमकी

**पवई।** पन्ना जिले की शाहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामपुर खजुरी से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक दलित किसान की जमीन पर दबंग ने जबरन कब्जा कर खेत-तालाब बनवा लिया है। किसान का आरोप है कि जब उसने इस अवैध कब्जे का विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं।

### अधिकांश नल कनेक्शनों में नहीं लगी टोंटी

# खुले नलों से रोजाना बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शहर के कई वार्डों में खुले नल कनेक्शनों से रोजाना हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। शहर में कई ऐसे नल कनेक्शन हैं, इनमें टोटियां नहीं लगी हैं। कहा जाता है कि जल ही जीवन है, इसकी रक्षा करनी चाहिए। लेकिन नगर के गली-मोहल्लों में इन दिनों दूसरी ही स्थिति नजर आ रही है। घरों में पानी भरने के बाद नलों और छतों पर रखी पानी की टंकियों से तब तक पानी व्यर्थ पानी बहता रहता है जब तक कि नल की लाइन बंद नहीं होती। शहर में सुबह, शाम के समय नलों में पानी आता है, और नाली में व्यर्थ बहाया जा रहा है। ऐसे में दोनों समय इन खुले हुए नल कनेक्शनों से रोजाना हजारों लीटर तक पानी व्यर्थ बहता है। इस तरह नलों से रोजाना हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। जबकि व्यर्थ बहने वाले इस पानी से शहर में एक दिन के लिए भरपूर पानी मिल सकता है। यदि इस आंकड़े को महीने में मापे तो एक माह में शहर के सभी वार्डों में लाखो लीटर पानी का कोई उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। गर्मी का मौसम है ऐसे में शहर में पानी की कमी होने लगेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग कुओं और हैंडपंपों से पानी भरने जाते है जहां बड़ी मुश्किल से पानी मिल रहा है लेकिन शहरवासियों के लिए वरदान बनी सुनार नदी उनकी प्यास बुझाती रहेगी। प्यास बुझने के बाद भी लोग नगर परिषद् में जलकर जमा नहीं कर रहे। मिली जानकारी के अनुसार, लाखो से ज्यादा के जलकर की वसूली होनी है।

#### कनेक्शनों की जांच कर होगी कार्रवाई

हटा सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि नपा ने कई बार नलों में टॉटिया लगाई है, लेकिन लोग टॉटिया निकाल देते हैं। यदि लोग जागरूकता का परिचय दें, तो नालियों में व्यर्थ बहने वाला पानी बच सकता है। सभी खुले नल कनेक्शनों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

मानव जीवन विकास समिति कटनी ब्लॉक तेदूखेडा जिला दमोह मध्य प्रदेश की ग्राम पंचायतों व ग्रामो में 30 मई से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। समिति सचिव निर्भय सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ससनाखुर्द ग्राम पंचायत बिशनाखैडी में श्रमदान आधारित कुआँ का निर्माण किया जा रहा है एवं बिसनाखेडी,ससनाखुर्द में जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य लोगों को समझाया जा रहा है नवाचारों के मध्यम दीवाल लेखन, जन चौपाल लगाकर जल संरक्षण के उपाय लोगों को पानी के महत्व की जानकारी के साथ जल जीवन के लिए जरूरी है इसके बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है वर्तमान में कम हो रहें जल की मात्रा को बढाना है जल के सक्रिय पुनर्भरण ओर जल पुनर्भरण क्षेत्रों की सुरक्षा के माध्यम से जल संवर्धन का पालन किया जा रहा है। उक्त जानकारी ब्लॉक समन्वयक घनश्याम प्रसाद रायकवार द्वारा दी गई।

### किस स्थान पर कितने पानी की आवश्यकता होगी, इसकी जानकारी भेजे

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से कहा है दमोह जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल निगम द्वारा समूह जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत जिले से स्थापित कुछ शासकीय, अशासकीय, औद्योगिक, रहवासी आदि स्थानों पर पेयजल बल्क जल के रूप में उत्पादन दर के अनुरूप अनुबंध संपादित कर प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में अन्य संस्थाओं एवं उपक्रमों द्वारा पेयजल की मांग की जा रही है। उन्होंने स्थिति को देखते हुये आगामी 10 वर्षो के लिये संबंधित विभाग अंतर्गत किस स्थान पर कितने पानी की आवश्यकता होगी कि जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भरकर 31 मई तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट (जल निगम) को भेजना सुनिश्चित किया जाये, जिससे मांग का आंकलन कर जल निगम के माध्यम से नई कार्य योजना तैयार की जा सके।

## संवेदनशील ग्रामों में रखी जा रही निगरानी



**दमोह।** ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई में कमी, खुले में शौच एवं पेयजल स्त्रोंतो के आस-पास गंदगी तथा कचरे के ढेर लगे होने से बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलाव का अंदेशा अत्याधिक होता है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा गत वर्ष उल्टी, दस्त, हैजा से प्रभावित ग्रामों में समय रहते इन खामियों के निराकरण के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है और स्थानीय सरपंच-सचिव/स्थानीय नागरिकों से चर्चा कर ग्राम में मौसमी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए रोकथाम हेतु सभी आवश्यक सावधानियां बनाये रखने के संबंध में प्रेरित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने आज अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम बांसनी, भीमपुरा एवं इमलिया लांजी का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था का जायजा लिया। ग्राम बांसनी में हेण्डपंप के चारों ओर गंदगी, गोबर का जमाव पाया गया। ग्राम में राशन दुकान, मुख्य पानी की टंकी एवं तालाब के पास लगे हेण्डपंप बंद पाये गये। नल-जल योजना के तहत पाईप लाईन में लीकेज होना पाया गया। इस संबंध में रोजगार सहायक एवं स्थानीय लोगों से समय पूर्व इन अव्यवस्थाओं को ठीक कराने के बारे में प्रेरित किया गया। पथरिया के ग्राम किन्द्रहों में नल-जल योजना के तहत बिछाई गई पाईप लाईन में लीकेज की वजह से जल-भराव की स्थिति के कारण मच्छर जनित बीमारियों- डेंगू, मलेरिया के फैलने का अंदेशा अत्याधिक है। ग्राम में पानी की टंकी सहित पेयजल स्त्रोतों के आस-पास सफाई व्यवस्था की कमी भी पाई गई। साथ ही ग्राउण्ड लेवल से नीचे हैण्डपंप लगे होने से जलभराव की स्थिति में पानी के दूषित होने पर संक्रामक बीमारियों के फैलने का अंदेशा बना हुआ है। इस संबंध में ग्रामीणजनों को बारिश पूर्व अव्यवस्था को दूर कराने तथा साफ-सफाई रखने के संबंध में समझाईश दी गई।

## कर्म से ही जीव पुण्यात्मा एवं पापात्मा होता है- आचार्य ललित जी महाराज



**हटा।** समीपस्थ ग्राम पांजी में खेरमाता हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं ब्रह्मवैवर्त पुराण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कथा व्यास पं.आचार्य श्री माधवेश ललित जी महाराज (चित्रकूट धाम) ने ब्रह्मवैवर्त पुराण कथा में कर्म की व्याख्यान करते हुए कहा- कर्म ही प्रधान है कर्म से जीव उत्पन्न होता है और कर्म से ही उसकी मृत्यु होती है। तथा सुख दुःख भय और शोक कर्म से ही जीव को प्राप्त होते हैं। कर्म द्वारा ही यह जीव इंद्र होता है कर्म से ही ब्रह्मा का पुत्र होता है और कर्म द्वारा भगवान का दास बनकर जनम-मरण रहित होता है। अपने कर्म से ही समस्त जीव को सिद्धियां एवं अमरत्व की प्राप्ती होती है। एवं कर्म द्वारा भगवान विष्णु के सालोक्य आदि चारो मोक्ष प्राप्त होते हैं। मनुष्य कर्म से ब्रग्हत्व, मुक्ति देवत्व, मानवत्व और राजेन्द्रत्त्व प्राप्त करता है। मनुष्य अपने स्वकर्म से जंगम (चलने फिरने वाला) और अपने कर्म से स्थावर (अचल) होता है। अपने कर्म से पर्वत, वृक्ष, किन्नर, पशु पक्षी, कीड़े, सर्प, राक्षस, प्रेत भूत पिशाच तथा डाकिनी भी होता है। और कर्म से ही जीव पुण्यात्मा एवं पापात्मा होता है। पाजी ग्राम में आचार्य जी के सहयोगी आचार्य पं. राजूकृष्ण पाण्डेय, पं. नरेन्द्र पाण्डेय, पं. महेन्द्र कुमार पाण्डेय, नरेन्द्र कुमार दुबे जी एवं अन्य आचार्यों द्वारा सुबह शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जाता है। जिसमें ग्राम के श्रद्धालु बढ़ चढ़कर धर्म लाभ उठा रहे हैं।

## स्वास्थ्य जांच-उपचार के लिए लगाये जायेंगे विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक

**दमोह।** स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक मजबूती लाने एवं गर्भावस्था दौरान हर गर्भवती की एक जांच चिकित्सक से सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत माह में चार दिन 02, 09, 16 एवं 25 तारीख को समुदाय स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक आयोजित किये जायेंगे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया गर्भवती महिलाओं को सुलभ रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सके, इसके लिए विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक दौरान गर्भवती महिलाओं के लिए पृथक से ओ.पी.डी., उपयुक्त बैठक एवं पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। डॉ. चटर्जी ने बताया 25 तारीख रविवार अवकाश दिवस होने के कारण 26 तारीख दिन सोमवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-हिण्डोरिया, पटेरा, बटियागढ़, पथरिया, तेन्दूखेड़ा, जबेरा और जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 27 तारीख दिन मंगलवार को विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये जायेंगे। जिसमें समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की फॉलोअप जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा की जायेगी। गर्भावस्था दौरान महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्यम मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र में सी.एच.ओ. द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल के लिए क्षेत्र अंतर्गत सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर, यथोचित उपचार सेवा दी जायेगी।

## प्राचार्यों की ली बैठक, बोर्ड परीक्षा परिणामों पर की समीक्षा



**जबेरा।** जबेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम नोहटा हाईस्कूल में शनिवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी द्वारा जबेरा विकासखंड के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्यों बैठक ली गई एवं बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणामों पर समीक्षा की। इस दौरान बैठक में सत्र 2022-23 से 2024-25 में कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान राज्यमंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी ने बैठक में उपस्थित समस्त विकासखंड जबेरा के प्राचार्यों से बिन्दुबार चर्चा करते हुए सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम का सत प्रतिशत परिणाम प्राप्त हो इस के लिए सभी को निर्देशित किया। साथ ही अधिकारियों को शिक्षा विभाग में लंबित प्रकरणों, सरकारी विद्यालयों में आगामी प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन हेतु निर्देश दिए गए। सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि शालाओं में अधिक से अधिक छात्रों के नामांकन सुनिश्चित करने एवं शैक्षिक संस्थानों का समुचित विकास करने पर जोर दिया जायें। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी ने बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों से कहा कि आने वाले समय में जनपद जबेरा के समस्त ब्लॉक में शिक्षा के क्षेत्र में उचित और सुखद परिणाम निकल कर सामने आये है जिसमें आप सभी शिक्षकों की मेहनत रंग लाई है और जिसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने परीक्षा के परिणामों में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार बाजपेई सहित जबेरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## भारत माता की झांकी के साथ निकाली तिरंगा यात्रा



**तेंदूखेड़ा।** आपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सम्पूर्ण देश में तिरंगा यात्रा निकालकर देश की सेना का गौरव बड़ाया जा रहा है। जिसके चलते शाम साढे पॉच बजे नगर के तारादेही चैगडडा से बग्गी पर भारतमाता की झाकी सजाकर बैंड गाजे बाजे डीजे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई है। तिरंगा यात्रा में आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं विभागो के अधिकारी व नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक भी शामिल हुए जो अपने अपने हाथो में तिरंगा लेकर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में सभी भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा मुख्य मार्गो से होकर पुनः तारादेही चैगडडा पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, मूरत सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, रश्मि साहू, राजेश यादव सतेन्द्र जैन, केएल चैकसे, रघुवीर सिंह ठाकुर, शुभम जैन, राजू रसियां, दीपक कटारे, महेन्द्र पाटकार, ईश्वर बेन, भागचंद जैन, मुन्ना विश्वकर्मा हलकेभाई वेन, दिनेश साहू, तरूण खरे, गुडडा पाल, चेतन जैन, उदय सेन के अलावा सैकड़ो लोग मोजूद रहे।

# 16 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी अमानगंज पुलिस के हत्थे चढ़ा

अमानगंज।



पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब, जुआ, सट्टा, आर्म्स विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विJ कार्यवाही किये जाने हेतु विशेष अभियान तहत दिनांक- 24.05.2025 को मुखबिर की सूचना पर एक ब्यक्ति कमताना मे मारूती सुजूकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच 35 बा 1513 लिखा है शराब की पेटियां लाद रहा है जो कार कमताना से जे.के. सीमेन्ट कपंनी पुरैना तरफ जायेगी। जिसे देवरा ककरा रोड मे पुलिया के पास कार क्रमांक डच 35 बा 1513 के चालक द्वारा अपनी कार को तेजगति से चलाकर कार को स्टापर से टकराते हुये रोड किनारे लगे मील के पत्थर से टकरा दिया जिससे कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक कार से निकल कर गिरते उठते भागने लगा जिसे हमराही स्टाफ की मदद से घेरावंदी कर पकडा व हिरासत मे लेकर नाम पता पूछां जिसने अपना नाम भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना का होना बताया जिसकी जामा तलाशी ली गई जो अपने पैन्ट की जेंब मे एक की पैड मोबाइल एवं 1350 रूपये लिये मिला। संदेही भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा के कार की तलाशी समक्ष गवाहान लिया जो कार के बीच वाली सीट एंव डिग्गी मे खाकी रंग के कार्टून की 16 पेटियां रखी मिली जो पेटियो में देशी मदिरा प्लेन प्रिन्स लेमन शराब के 50-50 क्वाटर, कुल 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब रखी पाई गई । संदेही रिकू राजा पर धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस तामील कर शराब रखने के संबध मे वैद्य लाइसेंस /दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया कोई लाइसेंस /दस्तावेज न होना लिख तिमे बताया । आरोपी भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना थाना अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.) का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के दण्डनीय पाये जाने से आरोपी की कार से प्राप्त पेटियो मे रखे 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब (144 लीटर) कीमती 80000 रूपये , एक मोटोरोला कंपनी का की पैड मोबाइल फोन कीमती 1000 रूपये , 1350 रूपये नगद ,एक अदद पुरानी इस्तेमाली मारूती सुजुकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच-35 बा 1513 लेख है कीमती 300000 रूपये मय चाभी के समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जे पुलिस ली गई है । मौके पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी भरत प्रताप सिंह उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 40 साल निवासी कमताना को गिरफ्तार किया जाकर वक्त वापसी पर आरोपी के विJ अप.क्र. 333/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं आरोपी उक्त की एमएलसी कराई जाकर माननीय न्यायालय पन्ना पेश किया गया है ।

**जप्त सामग्रीः-** 800 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन प्रिंस लेमन शराब (144 लीटर) कीमती 80000 रूपये , एक मोटोरोला कंपनी का की पैड मोबाइल फोन कीमती 1000 रूपये , 1350 रूपये नगद ,एक अदद पुरानी इस्तेमाली मारूती सुजुकी कंपनी की सफेद रंग की स्विफ्ट कार जिसकी नंबर प्लेट मे डच-35 बा 1513 लेख है कीमती 300000

**गिरफ्तार आरोपीः-** भरत प्रताप सिंह परमार उर्फ रिंकू राजा पिता राजेन्द्र सिंह परमार उम्र 40 साल निवासी कमताना थाना अमानगंज जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदानः-** निरी. माधवी अग्निहोत्री, सउनि शिवराम नायक, प्रआर. राजीव मिश्रा, मुकेश सोनी, शिवम शर्मा, सलीम, आर. मेहरवान द्वारका प्रसाद, विश्वास शुक्ला, तुलसीदास, सतीश श्रीवास, मुनेन्द्र म.आर. रागिनी, हेमा एवं साईवर सेल से धमेन्द्र एवं आशीष का सराहनीय योगदान रहा है।

## भक्ति व उत्सव के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव

**दमोह।** बुंदेलखंड की प्रसिद्ध नगरी बांदकपुर के निकट जुझार गांव में स्थित अति प्राचीन भगवान राधा कृष्ण का मंदिर है जहां मंदिर का निर्माण स्वर्गीय श्री गोकुल प्रसाद असाटी द्वारा सन 1958 में कराया गया था साथ ही भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति जयपुर से आई हुई थी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह श्री गोकुल प्रसाद असाटी द्वारा की गई थी यहां आस-पास के ग्रामीणों क्षेत्र के लोग दर्शन करने आते हैं यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है और राधा कृष्ण मंदिर में भगवान बांके बिहारी का वार्षिक उत्सव का आयोजन असाटी परिवार द्वारा किया गया और भक्ति व उत्सव के साथ वार्षिक उत्सव मनाया गया इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर फूल गुब्बारों से सजाया गया साथ ही राधा कृष्ण भगवान का दूध, दही, घी, शक्कर,इत्र,गंगाजल आदि से भगवान का स्नान कराया गया इसके बाद यमुना जल,नर्मदा जल,चंदन फूलों से राधा कृष्ण भगवान का अभिषेक हुआ इस मौके पर हेमेंद्र असाटी राजन द्वारा पूजन किया गया साथ ही पंडित तेजेंद्र तिवारी द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा की गई और मंत्र उच्चारण करते समस्त पूजन कराया गया साथ ही हवन पूजन के बाद भगवान राधा कृष्ण का भव्य श्रृंगार किया गया और आरती की गई इसके बाद कन्या भोजन प्रसाद वितरण व भजन कीर्तन का आयोजन हुआ इस मौके पर श्रीमति जमुना बाई असाटी, लक्ष्मी प्रसाद असाटी,अशोक असाटी, संध्या असाटी, पन्नालाल असाटी, वंदना असाटी, घनश्याम प्रसाद असाटी, राधा असाटी, अनिल असाटी, साजन असाटी, हेमेंद्र असाटी राजन, मयूर असाटी, अंजू असाटी, अन्वी असाटी, परी असाटी, अंशु असाटी ,कुन्ती असाटी, रेवा असाटी, कड़ोरी सेन, परम विश्वकर्मा, रामजी महोबिया, देवेंद्र विश्वकर्मा, सोनू सेन,पारस विश्वकर्मा, जनकरानी सेन,आदि व असाटी परिवार सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।



**खबर संक्षेप**

## सड़क हादसों में घायलों को बचाने पर अब मिलेगा 25 हजार का इनाम

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहवीर योजना को लागू किए जाने के लिए मंत्रि- परिषद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक्सीडेंट में घायल प्रत्येक व्यक्ति के लिए ₹108 एम्बुलेंस, एयर एम्बुलेंस₹ तो शुरू की ही है, इसके साथ ही भारत सरकार सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ₹राहवीर योजना" प्रारंभ की गई है। इस योजना को भी प्रदेश में लागू कर दिया है, इसके क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर को आदेशित कर दिया है। योजना में प्रावधान है, कि यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में किसी घायल व्यक्ति को उसके गोल्डन-ऑवर (प्रारंभिक 1 घंटे) में चिकित्सा हेतु अस्पताल तक पहुंचाता है, और उसकी जान बच जाती है, उस स्थिति में उसे 25 हजार रूपये का ईनाम दिया जाएगा, जो पूर्व में 5 हजार रूपये था । साथ ही यदि कोई नागरिक घायल व्यक्ति को सीधा अस्पताल ले जाता है, उस स्थिति में अस्पताल द्वारा पुलिस को सूचना दी जाएगी। संबंधित व्यक्ति को भी इस पत्र की प्रति दी जाएगी, साथ ही पुलिस द्वारा कलेक्टर को भी इस संबंध में एक पत्र लिखा जायेगा। परिवहन विभाग द्वारा व्यक्ति के खाते में सीधे राशि ट्रांसफर की जावेगी।

## दीवान जी तलैया की मुरम के उपयोग के लिये रायल्टी जमा कराये

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है हम इस साल जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन सहयोग से दीवान जी की तलैया की सफाई का कार्य रहे हैं। वहाँ पर लगातार पोकलेन और हाईवा मशीनों से काम चल रहा है और लगातार चलता रहेगा। दीवान जी की तलैया की मिट्टी बड़ी उपजाऊ है और खेतों व पौधों के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने आम नागरिकों से कहा आमजन, ग्रामीण जन मिट्टी का उपयोग करना चाहते हैं वह अपना ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर के आ सकते हैं, वहाँ पर रैंप वगैरह बना हुआ है, मिट्टी को ले जा सकते हैं। लेकिन यदि आपको मुरम का उपयोग करना है, तो उसके लिए आप रॉयल्टी का भुगतान कीजिये।

## तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मे सभी थाना प्रभारियों को फरार आरोपियों की तलाश पता साजी कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संदीप मिश्रा एवं एसडीओपी महोदय हटा प्रशांत सुमन के निर्देशन में थाना प्रभारी मढियादो रोहित द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में दिनांक को थाना मड़ियादो में लंबे समय से फरार चल रहे 03 स्थाई वारंटी सीताराम पॉल, मीरा बाई पाल, सोना बाई पाल को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्वाई में थाना मढियादो के स.उ.नि. राधे राय, प्रधान आरक्षक लखन लाल, विपिन तिवारी, आरक्षक अंकित भंवर, डमरू सौर, एवं राजेंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खुले बोरवेल अथवा बिना मुंडेर के कुएं की सूचना दे

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आम जन से कहा है दमोह जिले में कहीं खुले बोरवेल अथवा बिना मुंडेर के कुएं दिखाई दें, तो इसकी शिकायत अथवा सूचना दमोह हेल्पबलाइन 07812-350300 पर दर्ज कराई जा सकेगी।

## भोले चौरसिया दिवंगत

**पटेरा।** नगर के चौरसिया समाज के प्रतिष्ठित भोले चौरसिया का 74 वर्ष की अवस्था में अल्प बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। सभी वर्ग के नागरिकों ने अंतिम संस्कार में भाग लेकर शोक संवेदना प्रकट की।

### बजरिया वार्ड नं 5-6 के वार्डवासी ने सुनाई समस्यायें, मिला आश्वासन

# तीन दिन से नल नहीं खुलने से वार्डवासी पहुंचे कलेक्टर आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर में नगर पालिका द्वारा संचालित पेय जल योजना से बजरिया वार्ड 5 एवं 6 में लगातार तीन दिनों से पानी न मिलने पर पर दोनों वार्ड की जनता अपने अपने पार्षद को लेकर कलेक्टर बंगला पहुंचे। कलेक्टर सुधीर कोचर ने बाहर आ कर वार्ड वासियों की समस्याओं को सुना व यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने दोनों वार्डों के पार्षदों से चर्चा की। पाइप लाइन बढ़ाने व अन्य सुझाव पर शीघ्र व्यवस्था की बात कही। फिल्टर प्लांट पर न कोई जिम्मेदार मिला न किसी ने पार्षदों व वार्ड के प्रभावी व्यक्तियों के फोन नहीं उठाए। उपयंत्री सुशील सोनी कभी सही जानकारी नहीं देते न फोन उठाते हैं जिससे पार्षद भी जनता को जवाब नहीं दे पाते। कलेक्टर महोदय ने पार्षदों से कहा कि दोनो पार्षद बहुत सक्रिय है लेकिन आप लोग किसी अनियमित्ता का समर्थन न करें। पार्षद हेमराज एवं पार्षद रघु श्रीवास्तव ने कलेक्टर से मिलने के बाद कहा कि उन्हें अब कार्यवाही व व्यवस्था होने का विश्वास है। वहीं जनमानस ने अनेक आरोप लगाए व टैंकर की व्यवस्था भी दुरुस्त कराने की मांग की।

## 25 वां जैविक प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार 25 आज

**दमोह।** जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार गर्मी का समय होने के कारण किसानों एवं उपभोगताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब प्रत्येक रविवार को प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास लगाया जा रहा हैं। इसी क्रम में 25 वां जैविक/प्राकृतिक खेती हाट बाजार 25 मई 2025, दिन रविवार को लगाया जायेगा जिसमें जैविक/प्राकृतिक तरीके से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद अनाज,चाँवल, गेहूँ, मक्का, ज्वार, बाजरा, कोदो कुटकी, रागी से बने उत्पाद, आटा, बेसन, मल्टीग्रेन आटा,हरी मौसमी सब्जियां एवं मौसमी फल, मसरूम, शाहिद आदि उत्पादों का विक्रय किया जाएगा। जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी।

### जिला प्रशासन के बाल भिक्षा वृत्ति मुक्त दमोह अभियान में जुड़कर सहयोग करें

# बांदकपुर रेलवे स्टेशन से तीन बच्चों का किया रेस्क्यू

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी निर्देशों के तहत विगत कई दिनों से दमोह जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोके जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक संजीव मिश्रा के निर्देशन में शुक्रवार को पूरे दमोह शहर एवं बांदकपुर शिव मंदिर एवं रेलवे स्टेशन के विभिन्न स्थानों पर महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश कुमार चौबे , बाल कल्याण समिति सदस्य मिथलेश मिश्रा एवं रश्मि वर्मा पुलिस विभाग से महिला आरक्षक आरती लोधी एवं प्रियंका दुबे की टीम ने बाल भिक्षावृत्ति करने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया गया।



इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां बच्चों के माता पिता को बाल कल्याण समिति अध्यक्ष दीपक तिवारी एवं अन्य सदस्यों किरण राठौर व रोशनी चौरसिया द्वारा समझाईस दी गयी की अगर वह बच्चों से भिक्षावृत्ति करवाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा बच्चों को पढ़ाएं और उन्हें एक अच्छा वातावरण प्रदान किया जाये, ताकि यह बच्चे भी अन्य बच्चों की तरह एक अच्छा जीवन जी सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वर्मा ने बताया दमोह शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों को लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार किया गया कि बच्चों को भीख देकर उनका भविष्य बर्वाद न करें, साथ ही समझाया गया कि बच्चों को भीख देने से उनका जीवन नष्ट हो जाता है, वे एक ऐसे कुचक्र में फंस जाते हैं, जहां वे भीख के पैसे से नशा करने लग जाते हैं और फिर वह बच्चों का दुरूपयोग करने वाले गिरोहों के संपर्क में आ जाने से बड़े -बड़े अपराधों का शिकार बनते है । इस प्रकार से बच्चों को भीख देने से व्यक्ति कोई अच्छा काम न करते हुए बल्कि अपराधों को बढ़ावा देने के काम में जाने–अनजाने में शामिल हो जाता है । इसलिए बच्चों को भीख न दें , उन्हें शिक्षा से जोड़ने का प्रयास करें और जिला प्रशासन के बाल भिक्षा वृत्ति मुक्त दमोह अभियान में जुड़ कर सहयोग करें।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए- सांसद

### पंचमनगर बांध वृहद सिचाई परियोजना के कार्य की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह संसदीय क्षेत्र की पथरिया विधानसभा अंतर्गत 674.90 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पंचमनगर बांध वृहद सिचाई परियोजना कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान



सांसद राहुल सिंह लोधी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समयसीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की पूर्ति समय पर हो सके। इस परियोजना से लगभग 25 हज़ार हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर बण्डा विधायक वीरेन्द्र सिंह लंबरदार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, पं. नरेन्द्र व्यास, जाहर सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कटारे, जनपद अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह लंबरदार, देवी सिंह नदरई स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सेना के सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

## भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया

**हिण्डोरिया।** आपरेशन सिन्दूर मे भारतीय सेना के व्दारा प्रदर्शित अदम्य साहस, शौर्य ,पराक्रम के सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए नगर के प्रमुख मार्गो पर बाजे-गाजे ,डीजे, भारत माता की झांकी के साथ गगन भेदी राष्ट्रीयता की भावना से ओत- प्रोत गीतों एवं नारों के साथ एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा स्थानीय महात्मा ज्योतिबा फुले चौक खिरका मोहल्ला से प्रारंभ हुई । जो मेंन मार्केट ,बस स्टैंड , चौगडडा पहुंची ।जहां पर सबसे पहले संविधान रचयिता, विश्व रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित



किया गया। इसके बाद यात्रा अंबेडकर वार्ड से होते हुए पुनः मेंन मार्केट क्षेत्र में समाप्त हुई। जहां पर हनुमान मंदिर परिसर मे भारत माता की आरती के पश्चात नगर के भूतपूर्व सैनिकों का शाल श्रीफल एवं फूलमालाओं से सम्मान किया गया। इसके पश्चात यात्रा का समापन कर प्रसाद का वितरण किया गया । इस गौरवमयी कार्यक्रम में देवेंद्र ठाकुर, लक्ष्मण पटेल, प्रेम नारायण साहू, पंचम सिंह ठाकुर, सुधांशु चौबे,राम सिंह ठेकेदार,प्रेम नारायण प्यासी, तैयब अली, हलक सिंह, डॉ कय्यूम, अरविन्द चमन, रीकेश चौबे, करन बाबा, बसंत सिंह, नरेश चौरसिया, संदीप बौध्द, डॉ हीरा लाल, होशियार चक्रवर्ती, मुबारक राजा, सुजात खान सहित सभी नगर वासियों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।

# बांदकपुर में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा



**दमोह।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जागेश्वर धाम बांदकपुर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर संपूर्ण देश में निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा के चलते बांदकपुर में भी ही बांदकपुर अनु मार्ग से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जो गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए समाधि चौराहे पर जाकर समापन हुआ शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। भारतीय जनता पार्टी मंडल बांदकपुर के अध्यक्ष बृजेश ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री गोपाल पटेल, मीडिया प्रभारी रिंकू गोस्वामी, दीपक उपाध्याय एवं मोर्चा से दमयंती प्रमंडल के अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया, कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, बांदकपुर के सरपंच सुनील डबुल्या, वरिष्ठ नेता हाकम सिंह, विश्व हिंदू परिषद से अरविंद पाठक, महिला मोर्चा से रीता दुबे, पुना बाई, राधा तिवारी, युवा मोर्चा मंडल बांदकपुर के अध्यक्ष रघुवीर रजक, यशपाल ठाकुर, सुभाष मिश्रा, बलेश दुबे, बब्लेश चौबे, राम प्रकाश, नेम पंडित, सीटू पंडा, मुकेश सिंह, पप्पू सिंह ठाकुर, गांव के सभी लोग सम्मिलित हुए गांव के युवाओं में देशभक्ति का भरी जोश देखा गया।

# 6 प्रकरणों में 26 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 06 प्रकरण में 26 हजार रूपये यथा 10 अरोपियों पर 20 हजार 500 रूपये, 02 संदेही आरोपियों पर 02 हजार 500 रूपये एवं 02 अज्ञात फरार आरोपियों पर 03 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 57/2024 धारा 363 भादवि के तहत संदेही आरोपी नीरज चक्रवती पिता सतई चक्रवती निवासी हरिजन मोहल्ला जबेरा थाना पर दो हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 872/24 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कलू ऊर्फ चरण सिंह ठाकुर (लोधी) उम्र 40 साल निवासी राजा पटना चौकी इमलिया थाना तेजगढ़ पर 02 हजार 500 रूपये, अपराध क्रमांक 245/25 धारा 318 (4), 336 (2), 340 (2), 105,3 (5) बीएनएस के तहत अशीम न्यूटन पिता रजनीश मोरिस न्यूटन निवासी सेंट्रल इंडिया क्रिश्चियन मिशन मारूताल दमोह, फ्रेक हैरीशन पिता स्व. श्री एच इमानुएल निवासी क्रिश्चियन कालोनी सिविल वार्ड 05 दमोह, इंदूलाल पति अजय लाल निवासी बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह, जीवन मैसी पिता जोसफ मैसी निवासी वैशाली नगर आमचौपरा दमोह, रोशन प्रसाद पिता राजेश प्रसाद क्रिश्चियन कालोनी सिविल वार्ड 05 दमोह, कादिर युसुफ पिता उमर फारूक निवासी हाउसिंग वोर्ड सिविल वार्ड नं.07 दमोह, अजय लाल पिता विजय लाल निवासी बेथलेहम केम्पस जबलपुर रोड दमोह, संजीव लेम्बर्ड निवासी दमोह एवं विजय लेम्बर्ड निवासी दमोह पर 02-02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 150/2024 धारा 363 भादवि के तहत संदेही ओरापी मन्नू आदिवासी निवासी फारेस्ट चौकी के पास नारायणपुरा जबेरा पर 1 हजार 500 रूपये एवं थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 93/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी बाबूलाल आदिवासी निवासी ग्राम खड़ेरी थाना बटियागढ़ पर 1 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

इसी प्रकार थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 340/2023 धारा 363 भादवि के तहत अज्ञात ओरापी पर 2 हजार रूपये एवं थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 297/2025 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर 1 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/ अधिकारी को गिरफ्तार करेगा या करायेगा, अपहर्त्ता एवं फरार संदेही आरोपी को दस्तयाब करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे अपहर्त्ता एवं फरार संदेही की दस्तयाबी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## खेत में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



**दमोह।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पतलोनी भिम्मकवा हार में सिंचाई विभाग की नहर के बाजू से आम के पेड़ के नीचे देवेंद्र विश्वकर्मा के खेत में एक व्यक्ति के शव डलें रहने की सूचना मिली। तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुची। शव को देखा तो शव के मुंह मे कीड़े पड़ चुके थे। शव की शिनाख्त 2 घण्टे बाद गजराज लोधी पिता प्रहलाद लोधी उम्र 45 वर्ष निवासी पिपरियासुनार के रूप में हुई। घटना की जानकारी लगते तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवी सिंह ठाकुर थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ए एस आई संजय सिंह, प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह आरक्षक चैन सिंह आ.प्रवीण पटेल देवराज मोके पर पहुचे। तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया सुबह लगभग 9:30 बजे जानकारी प्राप्त हुई थी कि पतलोनी की पटल(नहर)के बाजू में पर अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है तो स्टाफ को लेकर घटनास्थल पर गए। देखा तो सब में कीड़े लग चुके थे एवं मृतक का मोबाइल पेड़ के नीचे रखा था एवं शराब की बोतल मोके पर रखी हुई मिली थी। तुरंत ही एफएसएल टीम ,डॉग स्कॉट ,फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को सूचित किया गया दोनों टीम में घटनास्थल पर पहुंची और बारीकी से जांच की मृतक कीजिए में सेल पास की गोली पाई गई थी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तेंदूखेड़ा भेजा है। उसके बाद शव परिजन की स्वीकृत किया जाएगा। बता दे कि मृतक एससी एसटी मामले में स्थाई वारंटी था जो 2 साल पहले से बाहर रहता था। इस संबंध में तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी डी एस ठाकुर से बात की तो उन्होंने बताया कि मृतक के जेब में सेल पास की गोली पाई गई है। संभवतः यही प्रतीत होता है कि जहर खाने से मृत्यु हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद क्लियर हो पाएगा की मृत्यु का कारण क्या है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भव्य कलश यात्रा निकाल कर हुआ आयोजन का शुभारंभ

**पटेरा।** श्री श्री 1008 रूंद वाले हनुमान जी मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 मारूति महायज्ञ एवं श्री श्री रामकथा का आयोजन 24 मई शनिवार से 30 मई शुक्रवार तक किया जा रहा है। 31 मई को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। कथा व्यास साबरे सरकार गौर पीठाधीश्वर महंत श्री श्री 1008 पं विपिन बिहारी दास जी महाराज के मुखारबिंद से सुनाई जायेगी। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से कथा प्रारंभ होगी। भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्रवासियों ने बडी संख्या में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाया। महंत श्री गजेन्द्र पुरीजी महाराज आश्रम कुंडलपुर के सानिध्य में सभी कार्यक्रम होंगे। बैठक पूजन भी विधिवत मंत्रोच्चारों से हुआ।



## कार में तोड़फोड़ की कवरेज कर रहे पत्रकार से मारपीट

**दमोह।** हटा तहसील मुख्यालय पर बीती रात एक कार में तोड़फोड़ की कवरेज करने पहुंचे एक पत्रकार के साथ मारपीट कर धमकाने और बाद में हटा थाने में पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने का घटनाक्रम सामने आने के बाद दमोह जिला मुख्यालय पर पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन के साथ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार गाड़ी से बीती रात हटा में एक कुत्ते की मौत हो गई थी। इसके बाद भाजपा विधायक के बेटे प्रिंसदीप खटीक और उनके साथियों ने मौके पर पहुंचकर कुत्ते की जान लेने वाली कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की कवरेज करने पहुचे पत्रकार जितेंद्र गौतम के साथ भी गाड़ी में तोड़फोड़ कर रहे युवकों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बाद में दोनों पक्ष रिपोर्ट दर्ज करने के लिए हटा थाने पहुंचे जब रिपोर्ट नही लिखी गई तो उन्होंने दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी को भी मोबाइल पर घटना से अवगत कराया । दमोह के पत्रकारों ने भी उनके साथ देते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करके ज्ञापन सौपते हुए मामले में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शन स्थल पहुंचकर एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा एसडीएमआरएल बागड़ी, सीसी अभिषेक तिवारी कोतवाली थाना प्रभारी मनीष कुमार सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उसके बाद ही पत्रकारों का धरना प्रदर्शन 24 घंटे के अल्टीमेटम के साथ समाप्त हुआ।

# शास. उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के समर कैम्प का हुआ समापन



**दमोह।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दिनांक 22 अप्रैल से 22 मई 2025 तक ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस एक माह के शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं ताइक्वांडो, बास्केटबॉल तथा बैडमिंटन जैसे खेलों के विभिन्न गुणों और तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर ने विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर के समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य श्री आर. पी. पटेल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर खेल प्रभारी जी. डी. सर, जिला क्रीड़ा अधिकारी विवेक दत्त शर्मा एवं संजय कुमार दुबे मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम में नोडल ताइक्वांडो प्रशिक्षक मनीष सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को ताइक्वांडो का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। सभी अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।